हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार,17 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 37 .5 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

13 अपराध पर अंकुश महिला सुरक्षा व नशे पर रोकथाम पुलिस की प्राथमिकताः डीएसपी विद्यानंद



14 हार की बौखलाहट दूर नहीं कर पर पा रही कांग्रेसः आरती राव



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**कोसली।** थाना रामपुरा पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 6 सितंबर को हुए हादसे के बाद केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया था। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में जांच के बाद झज्जर के छप्पार निवासी प्रवीन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### एनडीपीएस एक्ट का आरोपी भेजा जेल

**कोसली।** पुलिस ने नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत लगभग 3 साल पहले दर्ज मामले के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नशीला पदार्थ बरामद होने के बाद 13 सितंबर 2022 को एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। इस केस का आरोपी नूंह के शिकारपुर निवासी जुम्मा फरार चल रहा है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा के तहत जेल भेज दिया गया।

### लूट व आर्म्स एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** थाना धारूहेड़ा पुलिस ने लूट व आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज मामले के एक आरोपी को तफ्तीश में शामिल किया है। पुलिस हथियार के बल पर हुई लूट के बाद गत 26 फरवरी को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने नूंह के खेड़ला निवासी मोहम्मद शोएब को काबू करने के बाद फ्तीश में शामिल कर दिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया। इस मामले के अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### गोकशी एक्ट के तहत एक आरोपी गिरफ्तार

**बावल।** कसोला थाना पुलिस ने वर्ष 2019 में दर्ज किए गए गोकशी एक्ट के तहत मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गायों से भरा वाहन पकड़ने के बाद 30 अक्टूबर 2029 को एचजीएस एक्ट सहित कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। अन्य आरोपियों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब इस मामले में नूंह के रिठड़ निवासी आकील को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### झगड़े के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** कस्बे में दो गुटों के बीच विवाद के चलते झगड़े की आशंका से दो लोगों को निवारक कार्रवाई के तहत गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार कस्बे के रहने वाले दिनेश और महेश आपसी विवाद को बढ़ावा देने का काम कर रहे थे। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने दोनों को निवारक कार्रवाई के तहत काबू कर लिया।

# मौसम और बाजार दोनों होंगे मेहरबान, गेंदा उत्पादक किसानों को मिलेगी राहत

**आसमान साफ होने के बाद गेंदे के फूल होने लगे तैयार**

**नवरात्र में जबरदस्त रहेगी बाजार में फूलों की मांग**

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

मानसून के सीजन में भारी नुकसान का सामना कर चुके गेंदा उत्पादक किसानों को एक ओर जहां मौसम से राहत मिल चुकी है, वहीं अब नवरात्रों में गेंदे के फूलों की मांग में जबरदस्त इजाफा होने की उम्मीद है। मौसम साफ होने के बाद गेंदे के फूल तैयार होने शुरू हो गए हैं। बाजार में इसकी कीमतों में नवरात्र पर्व पर तेजी से उछाल आने की उम्मीद है। जिले के किसानों ने इस बार लगभग 2 हजार हेक्टेयर भूमि पर गेंदे की खेती की हुई है। मानसून के दौरान लंबे समय तक आसमान में बादल छाए रहने से गेंदे के फूल तैयार होने बंद हो गए थे। भारी बारिश के कारण कई किसानों की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई थी। उत्पादन में कमी आने और अगस्त माह में स्वतंत्रता दिवस पर फूलों की मांग बढ़ने से दिल्ली की गाजीपुर मंडी में गेंदे के फूल 250 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गए थे। जिन किसानों की फसल सुरक्षित रही थी, उन्हें बढ़े हुए दामों ने मालामाल कर दिया था। कई किसानों ने नवरात्र पर्व पर फूल तैयार होने के हिसाब से गेंदे की पौध लगाई थी। बारिश का सिलसिला थमने के बाद खेतों में गेंदे के फूल तैयार होने शुरू हो गए हैं। इस समय श्राद्ध पक्ष के चलने के कारण फूलों की डिमांड काफी कम है। बाजार में इसके दाम 50 से 60 रुपये प्रति किलोग्राम हैं। नवरात्र पर्व 22 सितंबर से शुरू हो रहा है। दस दिनों तक बाजार में फूलों की जबरदस्त मांग रहेगी, जिससे किसानों को फसल का अच्छा मूल्य मिलने की पूरी संभावना है। किसान फसल उत्पादन शुरू होने व नवरात्र पर्व करीब आने को लेकर काफी उत्साहित नजर आने लगे हैं। किसानों को प्रति एकड़ गेंदे की फसल लगाने पर ही 50 से 40 हजार रुपये खर्च करने पड़ते हैं।

साल में दो से तीन बार यह फसल लगाई जा सकती है। अच्छे भाव व अच्छा उत्पादन होने पर किसानों को एक बार में दो से तीन लाख रुपये तक का मुनाफा हो सकता है। बारिश के कारण कई किसानों की फसल गलकर खराब हो गई थी। बाद में किसानों ने नए सिरे से पौध लगाई, जो अब उत्पादन देने के लिए तैयार है। ऐसे में किसानों को नुकसान की भरपाई होने की पूरी उम्मीद है। अच्छा दाम और उत्पादन किसानों के बड़ी राहत देने का काम करेंगे।



रेवाड़ी। एक खेत में गेंदे की फसल पर खिलते हुए फूल। फोटो :हरिभूमि

### दीवाली पर्व तक रहेगी ज्यादा मांग

बाजार में फूलों की डिमांड नवरात्र पर्व से शुरू होकर दीवाली पर्व के बाद तक बनी रहती है। डिमांड बढ़ने के कारण फूलों के दाम भी बढ़ जाते हैं। जिला स्तर पर फूल बेचने के लिए कोई मंडी उपलब्ध नहीं है, जिस कारण किसानों को गेंदे के फूल दिल्ली की गाजीपुर व आजादपुर मंडियों की दौड़ लगानी पड़ती है। इससे किसानों को मंडियों तक फूल पहुंचाने पर भी मोटा खर्च उठाना पड़ता है। नवरात्र व दीवाली पर्व पर कुछ किसानों के फूल लोकल स्तर पर भी बिक जाते हैं, जिससे उनका मंडियों तक पहुंचने का खर्च कम हो जाता है।

### किसानों के लिए फायदे की खेती

फसल विविधिकरण के रूप में गेंदा किसानों के लिए फायदे की खेती है। कुछ समय से किसानों का रुझान इस ओर बढ़ने लगा है। डिमांड को देखते हुए गेंदे की पौध लगाई जाए, तो इससे किसानों को अच्छे दाम मिल सकते हैं।
-डा. मंदीप सिंह, बागवानी अधिकारी।

## अनाजमंडी में पिछले सीजन में 5 लाख 82 हजार 402 क्विंटल बाजरा व 34092 क्विंटल कपास की हुई थी आवक

# अनाजमंडी में बाजरे की आवक में आई तेजी, रबी की फसल के लिए डीएपी की मारामारी भी शुरू

**एक अक्टूबर से बाजरे की एमएसपी पर खरीद शुरू होने की उम्मीद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी







रेवाड़ी। अनाजमंडी के फड पर बाजारा सुखाते हुए पल्लेदार, अनाजमंडी स्थित कृभको केंद्र पर डीएपी के लिए लगी किसानों की भीड, कृभको केंद्र से डीएपी के कट्टे लेते किसान। फोटो :हरिभूमि

नई अनाजमंडी में खरीफ की फसल बाजरे की आवक में तेजी आनी शुरू हो गई है। अनाजमंडी में एक सिंतबर से अब तक 30 हजार क्विंटल के करीब बाजरे की आवक हो चुकी है। अनाजमंडी में अभी कपास कम मात्रा में आ रहा है। अभी बरसात की अधिकता के कारण बाजरे में नमी ज्यादा व क्वालिटी भी ठीक नहीं आ रही है, लेकिन फिर भी किसानों को खुली बोली में 1550 से 2350 रुपये प्रति क्विंटल के दाम मिल रहे है। जिले के कई गांवों में किसान खेतों में बाजरा व कपास की लावणी करने में जुटे हुए है। खरीफ की फसलों की आवक के शुरू होने पर मार्केट कमेटी की ओर से किसानों की सुविधा के प्रबंध करने शुरू कर दिए गए है। बावल व कोसली की अनाजमंडी में भी खरीफ फसलों की आवक से पहले प्रबंध किए गए है। अनाजमंडी में एक अक्टूबर से 2775 एमएसपी पर बाजरे की सरकारी खरीद शुरू होने की संभावना है। एमएसपी पर बाजारा बेचने के लिए जिले के 57 हजार से अधिक किसानों ने मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन भी कराया है।

### डीएपी के लिए मारामारी हुई शुरू

किसानों ने रबी की फसल की बिजाई के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। सरसों की अगेती बिजाई अक्टूबर के पहले सप्ताह में शुरू हो जाती है।

ऐसे में प्रति वर्ष डीएपी खाद की मारामारी रहती है। इस समय नई अनाजमंडी स्थित खाद केंद्रों पर डीएपी भी उपलब्ध है और किसान पिछले दो महीने से खाद के बैग स्टोर करने में लग गए है। मंगलवार को कृभको केंद्र पर डीएपी का रैक आने पर सुबह से शाम तक किसानों की भीड़ लगी रही। फिलहाल किसानों के एक आधार कार्ड पर 6 बैग डीएपी के दिए जा रहे है। डीएपी का एक बैग 1350 रुपये के हिसाब से मिल रहा है।

किसानों ने बताया कि एक एकड़ में बोई गई सरसों व गेंहू की फसल में पानी देने के समय डेढ़ से दो कट्टे खाद की आवश्यकता होती है। फसलों की ग्रोथ के लिए दो बार पानी देने के समय इतना ही खाद डाला जाता है। किसान सुरेश, मनोज व मुकेश ने कहा कि पिछले सीजन में खाद के लिए दिक्कत का सामना करना पड़ा था। इसलिए पहले से ही खाद का इंतजाम किया जा रहा है।

### आगामी दिनों में बढ़ेगी बाजरे की आवक

जिले में इस वर्ष 75 से 80 हजार हेक्टेयर में बाजरा व 8000 हेक्टेयर में कपास बोया गया था। इस बार बरसात की अधिकता के कारण कुछ इलाकों में फसल भी प्रभावित हुई है, लेकिन फिर भी आगामी दिनों में अनाजमंडी में खरीफ की फसलों की अच्छी आवक आने की उम्मीद लगाई जा रही है। गत वर्ष 2024 में अनाजमंडी में करीब 582402 क्विंटल के करीब बाजरा खरीदा गया था। इसके अलावा 34092 क्विंटल कपास की आवक हुई थी। इस सीजन में अभी तक 30 हजार क्विंटल के करीब बाजरे की आवक हो चुकी है।

### अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश

*नई अनाजमंडी में बाजरे व कपास की आवक शुरू हो गई है। किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दे दिए गए है। अनाजमंडी में साफ-सफाई व किसानों के पीने के पानी व बैठने की व्यवस्था की जा रही है।*
*नरेन्द्र यादव, सचिव मार्केट कमेटी।*

# कोसली क्षेत्र में 15 करोड़ की स्वास्थ्य परियोजनाओं को मिली स्वीकृति

**आरती सिंह राव का आभार प्रकट किया**

**डहीना में 50 लाख रुपये की लागत से पीएचसी के भवन का निर्माण कराया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली क्षेत्र में करीब 15 करोड़ रुपये की स्वास्थ्य परियोजनाओं को स्वीकृति मिलने पर विधायक अनिल यादव ने चंडीगढ़ में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव का आभार प्रकट किया। विधायक ने बताया कि कोसली हलका के गांव कंवाली, जाटूसाना, मोतला कलां, लुखी, लुहाना, नेहरुगढ़ व रोहडाई में 55.50 लाख रुपये की लागत से सब हेल्थ सेंटर तथा कोसली में 71.94 लाख रुपये की लागत से बीपीएचयू का काम शुरू हो गया है। इन परियोजनाओं की कुल लागत चार करोड़ 44 लाख रुपये है। इसी प्रकार चार करोड़ 93 लाख 33 हजार रुपये की लागत से करावड़ा मानकपुर, मोहदीनपुर, नांगल पठानी, बुडोली, जैनाबाद, गुरावड़ा व लाला गांव में सब हेल्थ सेंटर की बिल्डिंग के टेंडर लगा दिए गए हैं। विधायक अनिल ने बताया कि गांव झाड़ौदा, नया गांव जाटों वाला, दखोरा, झोलरी, टूमना, आसियाकी, निमोठ, मंदौला, कोसली एक व कोसली दो में 55.50 लाख रुपये की लागत से एसएचसी व डहीना में 50 लाख रुपये की लागत से पीएचसी के भवन का निर्माण कराया जाएगा। इन प्रोजेक्ट की लागत 5 करोड़ 55 लाख रुपये है।



रेवाड़ी। आरती सिंह राव का आभार व्यक्त करते हुए विधायक अनिल यादव। फोटो :हरिभूमि

### बेटी से संपूर्ण परिवार कार्यक्रम का आयोजन 18 को

**रेवाड़ी।** डॉक्टर्स फॉर सोसाइटी की ओर से संचालित बेटी से संपूर्ण परिवार नामक विशेष कार्यक्रम का आयोजन इस वर्ष भी किया जा रहा है। यह कार्यक्रम वर्ष 2016 से लगातार आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन 18 सितंबर 2025 को दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक ललिता मेमोरियल हॉस्पिटल में होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीसी अभिषेक मीणा शामिल होंगे। डा. घनश्याम मित्तल व डा. सीमा मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम में वे सभी लाभार्थी परिवार शामिल होंगे, जिन्होंने एक या दो बेटियों के उपरांत परिवार नियोजन अपनाकर समाज को प्रेरणादायी संदेश दिया है। इन सभी परिवारों को डॉक्टर्स फॉर सोसाइटी की ओर से विशेष चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

# ढाबे पर एक व्यक्ति की संदिग्ध मौत, दूसरे का शव ठेके पर मिला



रेवाड़ी। ढाबे पर कार्रवाई करते हुए पुलिस। फोटो :हरिभूमि

- पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में ले लिया, एक मृतक की पहचान नहीं हो पाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





रेवाड़ी। जयसिंहपुर खेड़ा स्थित ढाबे पर खड़ी पुलिस की गाड़ी।

जिले में अलग-अलग स्थानों पर मंगलवार को दो लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। एक ढाबे पर चाय पीने के बाद चारपाई पर लेटा था, जबकि दूसरे का शव शराब ठेके के पास से बरामद हुआ है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में ले लिया। एक मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी। पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया।

लगभग 50 वर्षीय एक व्यक्ति दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर जयसिंहपुर खेड़ा बॉर्डर के समीप एक ढाबे पर चाय पीने के लिए आया था। ढाबा मालिक के अनुसार वह चाय पीने के बाद आराम करने के लिए चारपाई पर लेट गया। काफी देर तक वह नहीं उठा, तो ढाबे पर मौजूद कर्मचारियों ने उसे उठाने का प्रयास किया। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। ढाबा संचालक ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद बावल थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने काफी देर तक शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किए, परंतु मृतक की पहचान नहीं हो सकी। बाद में शव को पहचान के लिए बावल के सामुदायिक केंद्र भिजवा दिया गया।

### शराब ठेके पास मिला युवक का शव

**धारूहेड़ा।** खानपुर बॉर्डर के पास मंगलवार सुबह शराब ठेके से कुछ दूरी पर एक युवक का शव बरामद हुआ। लोगों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाया। मृतक की पहचान राजस्थान के भरतपुर जिला के गांव उचाना निवासी 38 वर्षीय वैष्णो के रूप में हुई। पुलिस की सूचना पर मृतक के परिजन भी पहुंच गए। परिजनों के अनुसार वैष्णो शराब पीने का आदि था। पुलिस ने आशंका जताई है कि शराब के नशे में गिरने के कारण उसकी मौत हुई है। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। बाद में शव परिजनों के हवाले कर दिया गया।

## शाम के समय आसमान में गहराए बादल, इस सप्ताह मौसम बना रहेगा परिवर्तनशील

# पारा 37 डिग्री के पार, बारिश रुकने के बाद गर्मी का असर तेज

**रात का पारा गिरने से लोगों को चैन की नींद नसीब हो रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बीते सप्ताह के बाद बारिश का सिलसिला थमने से पारा एक बार फिर से चढ़ना शुरू हो गया है। लगभग सवा माह बाद पारा 37 डिग्री के पार पहुंच गया है, जिससे लोगों को दिन के समय भारी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम का मिजाज बार-बार बदल रहा है। इस सप्ताह एक बार फिर आसमान में बादल छाने और बूंदाबांदी होने की संभावना जताई जा रही है। तेज बारिश के अभी कोई आसार नहीं हैं।

मंगलवार को सुबह से ही आसमान में आंशिक बादल छाए रहे। दोपहर तक आसमान साफ हो गया, जिससे तेज धूप के कारण गर्मी का असर बढ़ गया। दोपहर बाद तक गर्मी लोगों के पसीने छुड़ाती रही। अधिकतम तापमान 0.9 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 37.5 डिग्री पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 0.8 डिग्री की कमी के साथ 21.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी 60 फीसदी तक रही, जबकि हवा की गति कम होकर 6 किमी प्रति घंटा रही। इससे पहले गत 8 अगस्त को अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री दर्ज किया गया था। इसके बाद तापमान में लगातार कमी दर्ज की गई थी। अब बारिश का सिलसिला बंद होने के बाद तापमान बढ़ना शुरू हो गया है। हवा में नमी बढ़ते ही गर्मी के साथ उमस भी जमकर परेशान करने लगी है। रात का पारा गिरने से लोगों को चैन की नींद नसीब हो रही है। दोपहर बाद आसमान में एक बार फिर से बादल गहरा गए, जिससे बूंदाबांदी होने की संभावना नजर आने लगी। मौसम विभाग का अनुमान है कि इस सप्ताह एक-दो दिन छोड़कर आसमान में बार-बार बादल छा सकते हैं। इस दौरान बूंदाबांदी से लेकर हल्की बारिश तक हो सकती है। इस दौरान तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव बना रहेगा।



रेवाड़ी। एक खेत में मशीन से बाजरा निकालते किसान। फोटो :हरिभूमि

### मंडियों में पहुंचने लगा खेतों से बाजरा

*मौसम को देखते हुए किसान जल्द से जल्द बाजरे की फसल निकालकर मंडियों में पहुंचाने लगे हैं। इससे मंडियों में बाजरे की आवक बढ़ने लगी है। सरकारी खरीद के अभाव में जरूरतमंद किसान आढ़तियों को ही फसल बेच रहे हैं, जिससे उन्हें पर्याप्त दाम नहीं मिल पा रहे हैं। सरकार की ओर से एमएसपी पर खरीद शुरू करने की घोषणा का इंतजार किया जा रहा है। बारिश से खराब होने के बावजूद बची हुई कपास की फसल भी मंडियों तक पहुंचने लगी है। दाने कमजोर पड़ने के कारण कपास का उत्पादन भी बारिश से बुरी तरह प्रभावित हुआ है।*



# द वाइब्स ग्लैमरस महिलाओं की अनकही सच्चाई को लाएगी सामने

**मुंबई।** फैशन, चांदनी बार, हीरोइन और पेज 3 जैसी फिल्मों से फिल्म इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बना चुके मधुर भंडारकर अपने दमदार निर्देशन के लिए पहचाने जाते हैं। उनकी फिल्में लोगों के मनोरंजन के साथ ही सामाजिक मैसेज का भी काम करती हैं। अपनी नई फिल्म द वाइव्स को लेकर मधुर भंडारकर ने एक खास पोस्ट शेयर किया है। 'द वाइव्स' में मधुर बॉलीवुड सेलेब्स की पत्नियों की कहानी को दिखाएंगे। उनकी फिल्म 'द वाइव्स' बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस महिलाओं के पीछे छिपी अनकही सच्चाई को लोगों के सामने लाएगी। मधुर ने अपनी कुछ शानदार तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, 'फिल्म 'द वाइव्स' मेरा 16वां प्रोजेक्ट है।

लाइफ Style



# अनीत
## फातिमा संग न्याय में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में सिनेमाघरों में बवंडर मचा चुकी लव स्टोरी फिल्म 'सैयारा' की एक्ट्रेस अनीत पड्डा अब फातिमा सना शेख के साथ नजर आनेवाली हैं। इस फिल्म में लीड रोल में ब्रिटिश ड्रामा सीरीज 'इंडियन समर्स' एक्टर अर्जुन माथुर भी हैं। ये एक कोर्टरूम ड्रामा है जिसका टाइटल 'न्याय' रखा गया है।

नित्या मेहरा द्वारा निर्देशित यह फिल्म अन्याय से लड़ने वाले एक युवा सर्वाइवर की कहानी है। अहान पांडे के साथ अनीत पड्डा को अपनी हिट रोमांटिक ड्रामा 'सैयारा' के लिए खूब तारीफें मिली हैं। इस वक्त ये फिल्म ओटीटी (नेटफ्लिक्स) पर आ चुकी है और घर बैठे लोग इस फिल्म का लुत्फ उठा रहे हैं। ओटीटी पर फिल्म के अच्छा परफॉर्म करने के बाद, एक्ट्रेस ने एक नई फिल्म 'न्याय' साइन की है।

खबरों के मुताबिक, वो इस फिल्म में न्याय के लिए लड़ रहीं एक युवा पीड़िता का किरदार निभाएंगी। इसम फिल्म में फातिमा सना शेख और अर्जुन माथुर लीड रोल में हैं। अनीत ने एक कोर्टरूम ड्रामा साइन किया है जो महिलाओं के साथ अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ेगी। इस फिल्म में वो एक ऐसी पीड़िता की भूमिका निभाएंगी जो अपने साथ दुर्व्यवहार करने वाले एक आध्यात्मिक गुरु के खिलाफ बहादुरी से खड़ी होती है। इस फिल्म की कहानी उनके किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है और यही पूरी कहानी में भावनात्मक गहराई लाता है। इस फिल्म का निर्देशन 'बार-बार देखो' और 'मेड इन हेवन' जैसी फिल्मों से प्रसिद्धि पा चुकीं नित्या मेहरा करेंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# लास्ट ट्रेन टू... से मिली पहचान

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर गीतकार बॉबी हार्ट का निधन हो गया है। गीतकार प्रसिद्ध बॉयस और हार्ट गीतकार जोड़ी का एक हिस्सा थे। उन्हें द मोंकीज के लिए कुछ बेहद हिट गानें, जैसे आई वाना बी फ्री और लास्ट ट्रेन टू क्लार्क्सविले के लिए जाना जाता था। बॉबी हार्ट गीत लेखन के दिग्गज, जो मोंकीज के कई गानों के लिए जिम्मेदार जोड़ी का हिस्सा थे, उनका निधन हो गया है। अपने साथी टॉमी बॉयस के साथ, बॉबी ने आई वन्ना बी फ्री, लास्ट ट्रेन टू क्लार्क्सविले जैसे प्रतिष्ठित मोंकीज थीम और कई अन्य ट्रैक लिखे।



# बचपन से ही संगीत में रही गहरी दिलचस्पी, 7 की उम्र में अभिनय

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सिंगर, सॉन्गराइटर और एक्टर निक जोनस का सफर किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। बचपन से ही संगीत में उनकी गहरी दिलचस्पी रही। महज छह साल की उम्र में उन्होंने गाना गाकर सबको हैरान कर दिया था और तभी से तय हो गया कि वो अपना कॅरियर म्यूजिक इंडस्ट्री में ही बनाएंगे। निक न सिर्फ अपनी गायकी और म्यूजिकल बैंड के लिए मशहूर हैं, बल्कि बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा के पति होने की वजह से भारत में भी उनका जबरदस्त क्रेज है। सिर्फ सात साल की उम्र में निक ने थिएटर शो ए क्रिसमस कैरोल में अभिनय किया। इसके साथ ही उन्होंने जॉय टू द वर्ल्ड नाम का गाना लिखा जिसे बाद में रिकॉर्ड लेबल ने रिलीज किया। इतनी कम उम्र में मिले इस मौके ने उनके आत्मविश्वास को और मजबूत किया। साल 2005 में निक ने अपने भाइयों जो और केविन के साथ मिलकर जोनस ब्रदर्स नाम का बैंड बनाया।



# पसंद आया गूगल जेमिनी का ट्रेंड

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर ट्रेंड लगातार बदलते रहते हैं। इन दिनों सोशल मीडिया पर गूगल जेमिनी के जरिए फोटोज को एडिट करने का ट्रेंड चल रहा है। इसमें अलग-अलग तरह से लोग अपनी फोटोज को एडिट कर रहे हैं। इन्हीं में एक है गूगल जेमिनी का 'हग माई यंगर सेल्फ' ट्रेंड। अब सेलेब्स भी इस ट्रेंड में रुचि ले रहे हैं और अपनी तस्वीरें एडिट कर रहे हैं। इसी क्रम में अब अभिनेत्री आलिया भट्ट को भी ये ट्रेंड पसंद आया है और उन्होंने अपनी बचपन की एक तस्वीर को गले लगाए हुए अपनी आजकल की एक तस्वीर शेयर की है। आलिया भट्ट के एक फैन पेज ने एक्ट्रेस के आजकल के रूप को उनके बचपन की फोटो को गले लगाते हुए एक प्यारा सा एडिट किया। तस्वीर पर कैप्शन लिखा था, 'मैं नहीं कर सकती, आज छोटा वाला कितना गर्व महसूस कर रहा होगा।'




# जॉली एलएलबी-3 पर चली सेंसर की कैंची

**मुंबई।** अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। दर्शकों में इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह है, क्योंकि लंबे समय बाद दोनों जॉली एक साथ कोर्टरूम ड्रामा में भिड़ने वाले हैं। लेकिन, रिलीज से पहले इस फिल्म पर सेंसर बोर्ड की कैंची चल चुकी है। बोर्ड ने फिल्म को यू/ए सर्टिफिकेट तो दे दिया है, लेकिन आठ अहम बदलाव भी करवाए हैं। दरअसल, 2 सितंबर को फिल्म को सर्टिफिकेट जारी हुआ। करीब 2 घंटे 37 मिनट और 16 सेकंड की इस फिल्म में बोर्ड ने ऐसे सीन और शब्द हटवाए, जिन्हें आम दर्शकों के लिए आपत्तिजनक माना जा सकता था। हालांकि, यह सभी बदलाव मामूली हैं और फिल्म की कहानी या प्रभाव पर कोई खास असर नहीं डालेंगे।

## टीवी मसाला



# 25 लाख के सवाल पर गुजरात की कंटेस्टेंट ने किया क्विट...

**नई दिल्ली।** महानायक अमिताभ बच्चन का शो 'कौन बनेगा करोड़पति 17 इन दिनों चर्चा में बना हुआ है। इसमें कंटेस्टेंट हिस्सा लेते हैं। अपने ज्ञान के दम पर लाखों रुपए जीतते हैं। सोमवार के एपिसोड में फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट सवाल का जवाब देखकर सारिका जोशी हॉट सीट पर बैठीं। वह भावनगर, गुजरात की रहने वाली हैं। सारिका जोशी बताती हैं कि उनके पति और बेटी भी शो में साथ आई हैं। केबीसी 17 में सारिका जोशी के पति ने बताया कि उनकी पत्नी पिछले 25 साल से केबीसी का हिस्सा बनने की कोशिश कर रही थीं और अब जाकर उनकी तपस्या पूरी हुई है। सारिका जोशी बिना किसी लाइफलाइन के इस्तेमाल के पहला पड़ाव पार कर लेती हैं और शुरुआती 5 सवालों के जवाब देकर 25 हजार रुपए जीत जाती हैं। सारिका जोशी 3 लाख के सवाल पर कंफ्यूज हो जाती है और फिर वह ऑडियंस पोल लाइफलाइन का इस्तेमाल करती है। इसके बाद वह ऑडियंस के जवाब पर भरोसा करते हुए आगे गेम खेलती है, जो सही उत्तर होता है। 11वें सवाल के लिए सारिका जोशी ने दो लाइफलाइन का इस्तेमाल किया और 7.50 रुपए जीत लिए। 12वें सवाल का भी उन्होंने जवाब दिया। लेकिन, 25 लाख रुपए के 13वें सवाल पर कंफ्यूज हो गईं और उनके पास कोई लाइफलाइन भी नहीं बची थी। 13वां सवाल- किस अमेरिकी राष्ट्रपति की मां लिलियन ने 1960 के दशक में भारत में एक नर्स के रूप में काम किया था? ऑप्शन- ए. जॉन एफ केनेडी, बी. रोनाल्ड रीगन, सी. रिचर्ड निक्सन और डी. जिमी कार्टर।

## 5 कंटेस्टेंट्स पर लटकी बेघर होने की तलवार

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया का सबसे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' हमेशा से ही दर्शकों के लिए ड्रामा, इमोशन और सरप्राइज लेकर आता है।



सलमान खान के होस्टिंग वाले इस शो में हर हफ्ते नॉमिनेशन का दौर दिलचस्प होता है। इस बार भी घर के अंदर ऐसा ही हुआ जब नॉमिनेशन प्रक्रिया में बिग बॉस ने एक ऐसा दांव खेला, जिसने सभी प्रतियोगियों के होश उड़ा दिए। शो का माहौल पूरी तरह बदल गया और अंत में पांच कंटेस्टेंट्स पर बेघर होने की तलवार लटक गई। ये सदस्य हैं - अशनूर कौर, बसीर अली, अभिषेक बजाज, नेहल चुडासमा और प्रणित मोरे। इन पांचों को अब दर्शकों के वोट का इंतजार रहेगा। जैसे ही घरवाले सोच रहे थे कि नॉमिनेशन का दौर सामान्य तरीके से खत्म हो जाएगा, तभी बिग बॉस ने माहौल पलट दिया। उन्होंने घरवालों को अमाल और नीलम की बातचीत का एक ऑडियो सुनाया, जिसमें दोनों नॉमिनेशन पर चर्चा करते पकड़े गए थे। यह नियमों के खिलाफ था।

# ट्रैफिक में फंसी एम्बुलेंस को देख जैकी को आया गुस्सा

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर करते हुए लोगों पर गुस्सा होते दिखाई दिए। इस वीडियो में वे ट्रैफिक में फंसी एंबुलेंस को देख निराशा जाहिर करते दिख रहे हैं। मुंबई की सड़कों में फंसी एक एंबुलेंस को देख जैकी ने वीडियो बनाते हुए बताया कि लोगों को थोड़ा अधिक संवेदनशील होना चाहिए या फिर एंबुलेंस के लिए अलग से रोड बनाया जाना चाहिए। जैकी श्रॉफ ने वीडियो में चिंता जाहिर करते हुए कहा कि अगर ऐसे ही ये एंबुलेंस यहां फंसी रही तो मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देगा। वीडियो में एक्टर कह रहे हैं कि इन लोगों को तब समझ में आता, जब मरीज की जगह वे खुद होते, लेकिन लोगों में इतनी समझ कहां है। जैकी श्रॉफ ने यह वीडियो अपनी कार से बनाते हुए लोगों को इस मुद्दे की गंभीरता के प्रति जागरूक करने की कोशिश की है। जैकी श्रॉफ समय-समय पर अपने बेबाक अंदाज में लोगों को उनकी जिम्मेदारियों को लेकर सजग करते रहते हैं। सोशल मीडिया पर जैकी लोगों को पर्यावरण को बचाने के लिए भी प्रेरित करते रहते हैं।



जैकी श्रॉफ सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। उनकी पोस्ट अक्सर वायरल हो जाती हैं। पिछले सप्ताह फिल्म 'अंगार' के 33 साल पूरे होने पर उन्होंने एक पोस्ट की और इसका जश्न मनाया था. इसकी कुछ अनदेखी तस्वीरें भी जैकी ने साझा की थीं। हाल ही में जैकी श्रॉफ वेब सीरीज 'हंटर-2' में दिखाई दिए थे। इस सीरीज में उन्होंने एक खलनायक की भूमिका निभाई थी। प्रिंस धीमान ने इसे डायरेक्ट किया है। इस सीरीज में सुनील शेट्टी, अनुषा दांडेकर और बरखा बिष्ट जैसे कलाकार भी हैं।

# जब हिंदी सिनेमा के सभी कलाकारों ने देव आनंद की फिल्म को किया रिजेक्ट

## दर्शकों ने बनाया ब्लॉकबस्टर, ऑस्कर में भी दी दस्तक

**नई दिल्ली।** कुछ फिल्में सिनेमाघरों में अपनी अलग कहानी और गानों की वजह से मशहूर हो जाती हैं। कभी-कभी ऐसा भी होता है कि कुछ फिल्मों की कहानियां दर्शकों को तक उस तरीके से नहीं पहुंच पाती है जैसा डायरेक्टर सोचता है। ऐसे में बहुत बार मेकर्स को काफी नुकसान भी उठाना पड़ता है। लेकिन, आज हम आपको बॉलीवुड की एक ऐसी फिल्म के बारे में बताने वालें जिसे हिंदी सिनेमा के लगभग सभी कलाकारों ने रिजेक्ट कर दिया था। लेकिन, जब यह फिल्म रिलीज हुई तो इसने बंपर कमाई की।

### 1966 में हुई थी रिलीज

हम बात कर रहे हैं कि देव आनंद की फिल्म गाइड की। उनकी यह फिल्म साल 1966 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। गाइड देव आनंद की पहली रंगीन फिल्म है। दरअसल, कहा जाता है कि रिलीज से पहले लगभग पूरी फिल्म इंडस्ट्री गाइड के प्रीमियर में मौजूद थी। जब कलाकारों ने इस फिल्म को देखा तो उन्हें यह फिल्म आम विषय से काफी हटकर लगी थी। ऐसे में कोई भी निर्देशक विजय आनंद को उनके काम के लिए बधाई देने नहीं गया, जिसका उन्हें बुरी भी लगा।



### सात फिल्मफेयर पुरस्कार जीते

लेकिन, जब फिल्म गाइड रिलीज हुई थी तो इसने हाउसफुल ओपनिंग की। हालांकि, कुछ सर्किट को छोड़कर, दर्शकों को फिल्म का अंत समझ न आने के कारण इसकी कमाई में भारी गिरावट आई, लेकिन जब दर्शकों को अंत समझ आया, तो धीरे-धीरे कमाई में सुधार हुआ और देव आनंद की इस फिल्म ने बंपर कमाई। इतना ही नहीं, फिल्म गाइड को ऑस्कर के लिए आधिकारिक एंट्री ली थी और इसने सात फिल्मफेयर पुरस्कार भी जीते थे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म गाइड का बजट करीब 60 लाख रुपए था और इस फिल्म ने दुनियाभर में 5 करोड़ रुपए कमाए थे।

## रामसे ब्रदर्स ने पुराना मंदिर, वीराना, बंद दरवाजा और तहखाना जैसी फिल्में बनाईं

# साढ़े तीन लाख में बनी वो कल्ट फिल्म, रिलीज होते ही निकली सुपरहिट

*मुंबई। 1972 में पर्दे पर एक ऐसी फिल्म आई थी जिसने बॉलीवुड को एक नई दिशा दी। युवाओं में नया क्रेज पैदा किया। सबसे दिलचस्प बात यह है कि फिल्म की शूटिंग 12 रुपए किराए के 7 कमरों में की गई थी। फिल्म ने बजट से 15 गुना कमाई करके सबको चौंका दिया था। यह बॉलीवुड की पहली सुपर हिट हॉरर फिल्म साबित हुई। फिल्म को रामसे ब्रदर्स ने प्रोड्यूस किया था जो बॉलीवुड में हॉरर फिल्म बनाने के लिए जाने जाते हैं। 30 दिसंबर 1972 को रिलीज हुई फिल्म 'दो गज जमीन के नीचे' ने कमाई का नया कीर्तिमान बनाया था। यह रामसे ब्रदर्स की डेब्यू फिल्म थी। इस फिल्म के बाद रामसे ब्रदर्स ने पुराना मंदिर, वीराना, बंद दरवाजा और तहखाना जैसी कई सुपरहिट हॉरर फिल्में बनाईं। फिल्म को प्रोड्यूस किया था एफयू रामसे ने और जबकि डायरेक्शन तुलसी रामसे और श्याम रामसे ने किया था। यह लो बजट की फिल्म थी। बजट सिर्फ साढ़े तीन लाख रुपए था। फिल्म रिलीज होने के बाद हैरतअंगेज रूप से सुपरहिट मूवी साबित हुई थी। फिल्म ने करीब 50 लाख की कमाई की थी।*

### फिल्म को बनाने की प्रेरणा ऐसे मिली

रामसे ब्रदर्स के पिता फतेहचंद्र उत्तमचंद्र सिंघानी की कराची में रेडियो की एक दुकान हुआ करती थी। दुकान का नाम : राम सिंघानी रेडियो एंड इलेक्ट्रिक कंपनी थी। ज्यादातर ग्राहक अंग्रेज होते थे। वो राम सिंघानी नहीं बोल पाते थे, इसलिए यहीं से वो रामसे हो गए। फतेहचंद्र भारत के बंटवारे के बाद मुंबई आ गए। उनके सात बेटे थेः गंगू रामसे, तुलसी रामसे, श्याम रामसे, अर्जुन रामसे, केशु रामसे, कुमार रामसे और किरण रामसे। 1960 के दशक में वो फिल्मों में पैसा लगाने लगे। 'शहीद-ए आजम भगत सिंह और 'रुस्तम सोहराब' जैसी फिल्मों में उन्होंने पैसा लगाया। इसी बीच उन्होंने पृथ्वीराज कपूर और शत्रुघ्न सिन्हा के साथ एक बड़े बजट की फिल्म 'एक नन्ही मुन्नी लड़की थी' में पैसा लगाया। यह फिल्म फ्लॉप हो गई। फतेहचंद्र कर्ज तले दब गए। हालांकि, इस फिल्म के एक हॉरर सीन को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। ऐसे में फतेहचंद्र के मन में हॉरर फिल्में बनाने का आइडिया आया। फिल्म में कोई बड़ा स्टार नहीं होता था।



### बॉलीवुड में हॉरर फिल्मों का क्रेज हुआ शुरू

इस फिल्म के बाद से बॉलीवुड में हॉरर फिल्मों का क्रेज शुरू हुआ। फिल्म को मुंबई के 25-30 थिएटर्स में रिलीज किया गया था। फिल्म के पोस्टर्स में 'भारत की पहली हॉरर फिल्म' लिखा हुआ था। फिल्म की शूटिंग महाबलेश्वर में हुई थी। होटल के 7 कमरे 12 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से किराए पर लिए गए थे।

### 40 दिन में पूरी हुई फिल्म की शूटिंग

फतेहचंद रामसे पूरे परिवार को लेकर कश्मीर गए। दो महीने के लिए हाउस बोट बुक किया। वहां पर '5 सीज ऑफ सिनेमेटोग्राफी' बुक बेटों को पढ़ाई। फिल्म मेकिंग के हर पहलू की ट्रेनिंग दी। फिर मुंबई वापस लौट आए। फतेहचंद रामसे के बड़े बेटे ने भुतही और डरावनी फिल्म बनाने का फैसला किया। नाम था 'दो गज जमीन के नीचे।' फिल्म की शूटिंग 40 दिन में पूरी हुई। बहुत ही कम बजट में यह फिल्म तैयार हुई। सेट पर रामसे ब्रदर्स के घर की महिलाएं खाना बनाती थीं। कैमरे किराए पर लिए थे। फिल्म का प्रमोशन सिर्फ ऑल इंडिया रेडियो ने नाइट शो में किया गया। फिल्म ने रिलीज होते ही तहलका मचा दिया। 45 लाख रुपए का कारोबार किया। यह फिल्म रामसे ब्रदर्स के लिए गेम चेंजर साबित हुई।

## खबर संक्षेप

### छह पर दहेज प्रताड़ना व मारपीट का केस दर्ज

**कोसली।** लुखी गांव की एक विवाहिता ने राजस्थान के बहरोड़ जिले के मंगलपुर गांव निवासी अपने पति सहित छह लोगों पर दहेज प्रताड़ना, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप में कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। विवाहिता ने पुलिस को दी शिकायत में बतायौ कि उसका विवाह साढ़े छह वर्ष पूर्व मंगलपुर गांव के रविन्द्र से हुआ था तथा उसके माता-पिता ने अपनी हैसियत से बढ़कर दान दहेज भी दिया था, लेकिन ससुराल पक्ष के लोग दान दहेज से संतुष्ट नहीं थे।

### खाटूश्याम के लिए स्पेशल रेलसेवा का संचालन आज

**रेवाड़ी।** रेलवे की ओर से खाटूश्याम के श्रद्धालुओं व यात्रियों की सुविधा के लिए बाड़मेर-जम्मूतवी एक तरफा स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 04818 बाड़मेर-जम्मूतवी एक तरफा स्पेशल रेलसेवा 17 सितंबर को बाड़मेर से दोपहर 12:30 बजे रवाना होकर 18 सितंबर को शाम 3:30 बजे जम्मूतवी पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में बायतू, बालोतरा, समदडी, दुंदाड़ा, लूनी, जोधपुर, गोटन, मेडता रोड, डेगाना, मकराना, कुचामन सिटी, नावां सिटी, फुलेरा, रेनवाल आदि पर होगा ठहराव।

## डीएसपी कोसली ने ग्रामीणों को जागरूक किया

# अपराध पर अंकुश, महिला सुरक्षा व नशे पर रोकथाम को प्राथमिकता

नशा समाज का साझां दुश्मन है, इसलिए समाज से नशे को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए सभी लोग आगे आएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली



रेवाड़ी। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए डीएसपी विद्यानंद। फोटो : हरिभूमि

डीएसपी कोसली विद्यानंद ने मंगलवार को अपनी टीम सहित गांव भडंगी व कारोली का ग्रामीण दौरा किया तथा ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनकर जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान कोसली थाना प्रभारी इंस्पेक्टर कश्मीर सिंह, नाहड़ चौकी इंचार्ज पीएसआई मनीष कुमार व डीएसपी रीडर एसआई सुनील कुमार भी मौजूद थे। इस अवसर पर डीएसपी विद्यानंद ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। अपराध पर अंकुश, महिला सुरक्षा व नशे पर रोकथाम पुलिस की प्राथमिकता है। नशा समाज का साझां दुश्मन है, इसलिए समाज से नशे को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए सभी लोग अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाएं तथा जिला पुलिस की ओर से नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में पूर्ण सहयोग करें। डीएसपी ने कहा कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सभी ग्राम पंचायतें, सामाजिक संस्थाएं तथा यूथ क्लब अपनी अग्रणी भूमिका निभाएं।

### चला रहे हैं अभियान

डीएसपी कोसली ने कहा कि जिला पुलिस अपने स्तर पर नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाए हुए हैं, जिसके तहत नशा तस्करों पर शिकंजा कसा जा रहा है तथा युवाओं को विभिन्न खेल गतिविधियों तथा कार्यक्रमों के माध्यम से नशे के खिलाफ जागरूक भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस के अभियान से प्रेरित होकर जहां युवा शिक्षा और खेल गतिविधियों की ओर अग्रसर हो रहे हैं, वहीं पर अनेक नशा ग्रस्त युवकों ने नशा छोड़ने की पहल भी की है। उन्होंने कहा कि नशा बेचने वालों की असली जगह जेल में है, इसलिए नशे का कारोबार करने वालों की सूचना निःसंकोच होकर मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 एवं डायल 112 पर दें, पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### साइबर व महिला अपराधों की दी जानकारी

डीएसपी ने कहा कि सभी साइबर अपराधों से स्वयं को दूर रखे व सोशल मीडिया पर अन्जान लोगो से फ्रैंड व फॉलो रिक्वेस्ट असेप्ट न करे व अपनी गोपनीय जानकारी किसी को न दे। किसी भी साइबर अपराध के घटित होने की सूरत में हेल्पलाईन नंबर 1930 पर काल करें या पुलिस की साइबर क्राइम की वेबसाइट साइबरक्राइम.जीओवी.इन पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। उन्होंने कहा कि महिला विरुद्ध अपराधों पर पुलिस की ओर से सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। महिलाओं को भी उनके अधिकारों व कानूनों की जानकारी दी जा रही है। महिला थाना व महिला हेल्पलाइन 1091 व डायल 112 पीड़िता की मदद के लिए है। महिलाएं कभी भी अपनी शिकायत दे सकती है। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए मौजिज व्यक्तियों से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील भी की।

## फूल-मालाओं से स्वागत किया

# एडवोकेट अनूप बने भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य



रेवाड़ी। अनूप धनखड़ का फूल-मालाओं से स्वागत करते अधिवक्ता।

- पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उस पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी में अधिवक्ता अनूप धनखड़ को सदस्य मनोनीत किया गया है। भाजपा जिला प्रवक्ता एडवोकेट नितेश अग्रवाल ने बताया कि पूर्व में एडवोकेट अनूप धनखड़ जिला विधि प्रकोष्ठ के संयोजक थे, जिन्हे पदोन्नत करके विधि प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकरिणी टीम में शामिल किया गया है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाए जाने पर जिला न्यायालय परिसर में साथी अधिवक्ताओं ने अनूप धनखड़ का स्वागत किया। अनूप धनखड़ ने अपनी नियुक्ति पर भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, प्रदेश संयोजक विधि प्रकोष्ठ गोपाल शर्मा व जिला अध्यक्ष डा. वन्दना पोपली सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। इस अवसर पर विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एडवोकेट बिरेन कुमार यादव, बार एसोसिएशन के सचिव एडवोकेट मनोज यादव, पूर्व उपप्रधान एडवोकेट राकेश यादव, एडवोकेट रामकिशन चौधरी, एडवोकेट प्रमोद चौहान, एडवोकेट रविन्द्र गुर्जर, एडवोकेट संदीप सिंह, एडवोकेट रामसिंह छावड़ी, एडवोकेट नितिन वर्मा, एडवोकेट भरत सिंह, एडवोकेट गजेन्द्र सिंह, एडवोकेट प्रदीप डागर, एडवोकेट अभिषेक डागर, एडवोकेट मुकेश रंगा, एडवोकेट मोहित यादव, एडवोकेट सतबीर खोरडिया, एडवोकेट हरकेश यादव, एडवोकेट राहुल यादव व एडवोकेट प्रविन्द्र यादव सहित अनेक अधिववक्ता मौजूद थे।

# टीम ने नशे से पीड़ित 126 लोगों की पहचान कर 41 का कराया इलाज

- नशा मुक्त टीम गांवों का दौरा कर लोगों को कर रही जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करती पुलिस टीम।

जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने मंगलवार को गांव बालियर खुर्द, बालियर कलां व मुंडिया खेडा में ग्रामीणों के साथ बैठक कर गांवों को नशा मुक्त करने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने को लेकर विचार-विमर्श किया। नशामुक्ति टीम ने दो नशा पीड़ति व्यक्तियों की काउंसलिंग कराकर रेवाड़ी के डी एडिक्शन सेंटर में भर्ती भी कराया। नशा मुक्ति टीम ने अब तक नशे से पीड़ति 126 लोगों की पहचान की है। इसके अलावा 41 नशा पीड़तिों का इलाज कराया गया है। टीम से एएसआई जितेन्द्र कुमार ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर आपस में तालमेल के साथ कार्य करें तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। उन्होंने कहा कि नशा एक अभिशाप है इसका सभी मिलकर बहिष्कार करें। नशे संबंधी सूचना है या कोई व्यक्ति दे सकता है।

# जीएसटी के सरलीकरण से जनता-व्यापारियों को राहत

- पत्रकारों से रूबरू हुए भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता जवाहर यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। प्रेसवार्ता करते हुए भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता जवाहर यादव।

भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता जवाहर यादव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2025 को लाल किले की प्राचीर से अपने 11वें स्वतंत्रता दिवस संबोधन में जीएसटी काउंसिल ने जीएसटी में ऐतिहासिक सुधार करते हुए तमाम जरूरी वस्तुओं पर टैक्स या तो खत्म कर दिया है या फिर कम करके एकदम न के बराबर कर दिया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी का जो सरलीकरण हुआ है, ये देश की जनता और व्यापारियों को राहत देने के लिए उठाया गया कदम है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार का लक्ष्य सिर्फ राजस्व संग्रह नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक की जीवन की गुणवत्ता सुधारना है। जवाहर यादव मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष डा. वन्दना पोपली की अध्यक्षता में प्रेसवार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि टैक्स दरों की इस बड़े पैमाने पर समीक्षा से आम आदमी की रोजमर्रा की खर्चो में कमी आएगी, स्वास्थ्य और बीमा सेवाएं सस्ती होगी और व्यापारिक माहौल में सुगमता बढ़ेगी। यह कदम निश्चित तौर पर देश की आर्थिक ताकत को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार जीएसटी लागू नहीं कर पाई थी, क्योंकि राज्यों को केंद्र सरकार पर भरोसा नहीं था। उल्टे कांग्रेस सरकार वैट के माध्यम से गरीब जनता और व्यापारियों पर डाके डालती थी। वे नागरिकों को वास्तविक राहत देने वाले बड़े कदम उठाना पसंद करते है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के ऐतिहासिक फैसलों से देश की जनता को सीधा लाभ पहुंचता है। इस अवसर पर महामंत्री कुलदीप चौहान व पंडित हिमांशु पालीवाल, प्रवक्ता एडवोकेट नितेश अग्रवाल, मीडिया प्रभारी जतिन अरनेजा, नीतू चौधरी व बीर सिंह छावड़ी सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी मौजूद थे।

### कांग्रेस को अपनी नीति तय करनी होगी

भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता जवाहर यादव ने कहा कि कांग्रेस को यह यह तय करना होगा कि उन्हें इस कटौती का समर्थन करना है या विरोध। अगर वे विरोध करते है तो जनता के सामने उनकी असलियत आएगी, क्योंकि विपक्ष के नेता 40 फीसदी टैक्स स्लैब पर सवाल उठा रहे है। क्या कांग्रेस पार्टी यह चाहती है कि तंबाकू और गुटखा पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगे। कांग्रेस द्वारा जीएसटी का विरोध किया जाना यह बताता है कि कांग्रेस सच्चाई से कोसो दूर है। कांग्रेस का दोहरा चरित्र यह है कि काउंसिल में तो इनके नेता समर्थन करते है, लेकिन बाहर जाकर राहुल गांधी उन्हीं फैसलों का विरोध करते है।

# जीएसटी के फैसलों से व्यापारी वर्ग को भारी नुकसान: छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



महेन्द्र छाबड़ा

वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं व्यापारी महेंद्र छाबड़ा ने कहा कि भाजपा नेता जीएसटी कम करने का प्रचार करके वाहवाही लूट रहे है, लेकिन असल में उसके फैसलों से व्यापारी वर्ग को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। महेंद्र छाबड़ा ने कहा कि केंद्र सरकार जीएसटी दरें घटाकर केवल दिखावा कर रही है, जबकि हकीकत यह है कि सरकार एक की जेब से पैसा निकालकर दूसरे को दे रही है। यह न तो संतुलित नीति है और न ही व्यापारियों के हित में है। उन्होंने कहा कि इससे सेस का इनपुट क्रेडिट नहीं मिलेगा।

नई नीति के अनुसार सेस व्यापारियों से वसूला गया है, लेकिन उसका 22 प्रतिशत इनपुट क्रेडिट उपलब्ध नहीं कराया जाएगा, जिससे इसका सीधा घाटा व्यापारी वर्ग को उठाना पड़ेगा। छाबड़ा ने कहा कि सरकार ने कई वस्तुओं पर टैक्स दर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी है, लेकिन व्यापारी पहले ही 28 प्रतिशत जीएसटी अदा कर स्टॉक खरीद चुके हैं और उनका वही माल कम दाम पर बिकने से सीधा नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जब सरकार ने पहले ही व्यापारियों से 10 प्रतिशत ज्यादा जीएसटी वसूल लिया है तो उसकी वापसी की कोई व्यवस्था क्यों नहीं की है। इस नीति से व्यापारियों की पूंजी फंस गई है और कारोबारी माहौल प्रभावित हो रहा है।

# त्योहारों पर यात्रियों के लिए जोधपुर-मऊ और जोधपुर गोरखपुर स्पेशल रेलसेवाओं का होगा संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेलवे की ओर से आगामी दुर्गा पूजा, दिवाली एवं छठ पर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिए जोधपुर-मऊ-जोधपुर व जोधपुर-गोरखपुर-जोधपुर स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण ने बताया कि गाडी संख्या 04823 जोधपुर-मऊ साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 28 सितंबर से 30 नवंबर तक जोधपुर से रविवार को शाम 5:30 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर रात्रि 11 बजे आगमन व 11:10 बजे प्रस्थान करके सोमवार को रात्रि 11:20 बजे मऊ पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04824 मऊ-जोधपुर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 30 सितंबर से 2 दिसंबर तक ऊ से प्रत्येक मंगलवार को सुबह 4 बजे रवाना होकर बुधवार को जयपुर स्टेशन पर रात्रि 2:50 बजे आगमन व 3 बजे प्रस्थान कर जोधपुर स्टेशन पर सुबह 8:55 बजे पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में पिपाड रोड, गोटन, मेडता रोड, रेन, डेगाना, मकराना, कुचामन सिटी, नावां सिटी, फुलेरा, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई, मंडावर महवा रोड, खेड़ली, नदबई, भरतपुर, मथुरा, हाथरस सिटी, कासगंज, फरूखाबाद, कन्नौज, कानपुर सेट्रल, लखनऊ, अयोध्या धाम, शाहगंज, खोरासनरोड, आजमगढ व मुहम्मदाबाद स्टेशनों पर ठहराव करेंगी। इस रेलसेवा में 2 सैकेंड एसी, 4 थर्ड एसी, 8 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित 20 डिब्बे होंगे।

### रात्रि 8:50 बजे गोरखपुर पहुंचेगी

इसके अलावा गाड़ी संख्या 04829 जोधपुर-गोरखपुर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 2 अक्टूबर से 27 नवंबर तक जोधुपर से प्रत्येक वीरवार को शाम 4:15 बजे रवाना होकर शुक्रवार को रात्रि 8:50 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04830 गोरखपुर-जोधपुर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 3अक्टूबर से 28 नवंबर तक गोरखपुर से प्रत्येक शुक्रवार को रात्रि 11:25 बजे रवाना होकर रविवार को सुबह 4 बजे जोधपुर पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में मेडता रोड, डेगाना, छोटी खाटु, डीडवाना, लाडनूं, सुजानगढ, रतनगढ, चूरू, सादुलपुर, लोहारू, महेन्द्रगढ, रेवाड़ी, गुरुग्राम, दिल्ली कैंट, दिल्ली, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, अयोध्या कैंट, अयोध्याधाम, मनकापुर, बस्ती व खलीलाबाद स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 2 सैकेंड एसी, 4 थर्ड एसी, 8 द्वितीय शयनयान, 2 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित 18 डिब्बे होंगे।

## न्यूज डायरी

### मुकेश सैनी को सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन बनाए जाने पर जताया आभार

**रेवाड़ी।** मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय में सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन बनाए जाने पर मुकेश सैनी ने जिला अध्यक्ष डा. वन्दना पोपली का आभार जताया। जिला प्रवक्ता एडवोकेट नितेश अग्रवाल ने बताया कि अभी हाल ही में सरकार द्वारा सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन की सूचि जारी की गई है। मुकेश सैनी की नियुक्ति से प्रबुद्ध लोगों में खुशी की लहर है। इस अवसर पर संजय सैनी, एडवोकेट प्रीतम सिंह, रमेश सचदेवा, मनन सैनी, राकेश कुमार, राजबीर यादव, सोनू बालरा, जुगनू व रतन लाल सैनी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।



### भारत विकास परिषद ने एमिनेंट पर्सन बनने पर मुकेश सैनी का किया सम्मान

**रेवाड़ी।** भारत विकास परिषद शाखा की ओर से मंगलवार को भाड़ावास गेट के पास स्थित एवरेस्ट प्लाजा में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शाखा के सदस्य मुकेश सैनी का हरियाणा सरकार की ओर से सीएम विंडो पर एमिनेंट पर्सन व भाजपा सदस्य राजीव आहुजा को महामंत्री रेवाड़ी मंडल नियुक्त होने पर सम्मान किया गया। इस मौके पर मुकेश सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार व्यक्त करते हुए पद की गरिमा को ध्यान में रखते हुए पूरी ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष दिनेश सैनी, सचिव राम किशोर, कोषाध्यक्ष प्रेम मेंहदीरत्ता, संरक्षक रमेश सचदेवा, सुनील भार्गव, दयाराम आर्य, मदनलाल सैनी, कुंदनलाल सैनी, नितिन गोयल, सरदार काश्मीर सिंह, अनिल सैनी, राकेश कुमार, रत्नलाल सैनी, हर्ष कुमार सैनी, सौरभ सैनी, प्रतीम सिंह एडवोकेट व राजबीर यादव सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित थे।



### गोवंश को एक्सीडेंट से बचाने के लिए गोरक्षा दल बांध रहा रेडियम बेल्ट

**कोसली।** गोरक्षा दल की नाहड़ ब्लॉक इकाई ने बेसहारा गोवंश को एक्सीडेंट से बचाने के लिए रेडियम बेल्ट बांधने का अभियान चलाया है। गोरक्षा दल टीम के सदस्य विजय ने बताया कि गोवंश को दुर्घटना से बचाने के लिए रेडियम बेल्ट बांधने का काम कर रही है। रेलवे स्टेशन कोसली क्षेत्र, कोसली गांव व गुड़यिानी क्षेत्र में अब तक लगभग 100 गोवंशों को रेडियम बेल्ट बांधी जा चुकी है। इसके अलावा गोरक्षा टीम पिछले 4 साल में 3700 से अधिक बेसहारा घायल हो चुके है।

## शहर की आबादी के हिसाब से नप के पास सफाई कर्मचारियों व अन्य सुविधाओं की कमी

# शहर को स्वच्छ बनाने के लिए जोन में बांटकर होगी सफाई

नगर परिषद ने पार्षदों से मांगा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी




रेवाड़ी। नगर परिषद सभागार में पार्षदों के साथ बैठक करते डीएमसी। फोटो : हरिभूमि

डीएमसी ब्रह्मप्रकाश अहलावत ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए 31 वार्डों के पार्षदों सहित मनोनीत पार्षदों के साथ बैठक की। डीएमसी ने सभी पार्षदों से शहर को स्वच्छ बनाने के लिए सहयोग भी मांगा। नगर परिषद सफाई के मामले में लंबे समय से मैन पावर की कमी से जूझ रहा है। बैठक में शहर को तीन से चार जोन में बांटकर सफाई का टेंडर लगाने का निर्णय लिया गया। अभी इसके एसेसमेंट का कार्य किया जा रहा है। जल्द ही सफाई का टेंडर किया जाएगा तथा टेंडर लेने वाली फर्म के माध्यम से शहर की प्रतिदिन सफाई कराई जाएगी। वर्तमान में शहर की आबादी के हिसाब से नगर परिषद के पास सफाई कर्मचारियों की काफी कमी है। फिलहाल शहर की आबादी करीब ढाई लाख है। नगर परिषद के पास सिर्फ महज 326 सफाई कर्मचारी है। इनमें भी काफी सफाई कर्मचारी अधिकारी और नेताओं की कोठियों पर कार्य कर रहे हैं। हालांकि इनमें से कुछ सफाई कर्मचारियों क डीएमसी ने वापस बुला लिया है।

### पार्षदों से सफाई में सहयोग करने का आह्वान

नगर परिषद के सभागार में आयोजित बैठक में डीएमसी ब्रह्मप्रकाश अहलावत ने पार्षदों से शहर की स्वच्छता को लेकर सहयोग की अपील की। डीएमसी ने कहा कि शहर के बाहरी एरिये में स्वच्छता अभियान चल रहा है, अगर सभी पार्षद साथ मिलकर सहयोग देंगे तो अंदर का क्षेत्र भी स्वच्छ होगा। डीएससी ने पार्षदों से सप्ताह में एक दिन श्रमदान करने और साफ-सफाई में सहयोग करने का आह्वान किया। डीएमसी ने कहा कि नगर परिषद का लक्ष्य शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाना है। यह किसी एक व्यक्ति से नहीं, बल्कि सभी के सहयोग से ही संभव होगा। बैठक में नप चेयरपर्सन पूनम यादव, ईओ सुशील कुमार, एक्सईएन अंकित वशिष्ठ व सीएसआई सुधीर कुमार सहित सभी पार्षद मौजूद थे।

### जल्द टेंडर लगाया जाएगा

शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए सभी पार्षदों से सहयोग मांगा गया है। शहर की आबादी के हिसाब से सफाई कर्मचारियों व अन्य सुविधाओं की कमी है। जल्द ही जोन बांटकर सफाई का टेंडर लगाया जाएगा ताकि शहर में रोजना सफाई हो सकें। शहर को स्वच्छ बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे है।

ब्रह्मप्रकाश अहलावत, डीएमसी रेवाड़ी

## खबर संक्षेप

### बाबा मुक्तेश्वर पुरी मठ में नेत्र जांच शिविर कल

**कोसली।** कोसली के बाबा मुक्तेश्वर पुरी मठ में 18 सितंबर को वेणु आई इंस्टीट्यूट व रिसर्च सेंटर नई दिल्ली के सहयोग से आंखों की जांच व ऑपरेशन के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में ऑपरेशन के लिए चुने गए रोगियों की मशीन द्वारा निशुल्क आंख बनाई जाएगी व दवा भी दी जाएगी। मठाधीश बाबा शिवपुरी महाराज ने बताया कि इसके लिए रजिस्ट्रेशन सुबह 10 से 2 बजे तक आधार कार्ड की कापी देकर मठ कार्यालय में कराया जा सकता है।

### जिला पॉवरलिफ्टिंग बैंच प्रेस चैंपियनशिप 28 को

**रेवाड़ी।** जिला पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन की ओर से जिला पॉवरलिफ्टिंग बैंच प्रेस चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। एसोसिएशन के प्रेसिडेंट किरणदीप, सेक्रेटरी आया रानी व ट्रेजरार विनोद कुमार ने बताया कि चैंपियनशिप का आयोजन 28 सितंबर को सेक्टर-2 बावल रोड स्थित पॉवर हाउस जिम में किया जाएगा। चैंपियनशिप के विजेता बॉडी बिल्डर स्टेट प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### मरम्मत कार्य के कारण बंद रहेगा रेलवे फाटक

**कोसली।** कोसली नठेड़ा रेलवे फाटक संख्या 18सी मरम्मत कार्य के कारण 17 सितंबर को शाम 6 बजे से 18 सितंबर प्रातः 8 बजे तक बंद रहेगा। सीनियर सेक्शन इंजीनियर उत्तर-पश्चिम रेलवे नरेश कुमार ने बताया कि इस दौरान कोई भी वाहन फाटक से पास नहीं हो सकेगा।

## स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# हार की बौखलाहट दूर नहीं कर पा रही कांग्रेस : आरती राव

**स्वास्थ्य विभाग डेंगू और मलेरिया से निपटने को पूरी तरह से तैयार है**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी**

प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि एक दशक से ज्यादा समय से सत्ता से बाहर रहने वाली कांग्रेस अपनी बौखलाहट को दूर नहीं कर पाई है। कांग्रेस को दूसरों पर अनर्गल आरोप लगाने की बजाय खुद की गलतियों को ठीक करने पर मंथन करना चाहिए। आरती मंगलवार को जिला सचिवालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कांग्रेस में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए आरती राव ने कहा कि चुनाव आयोग पूरी तरह से पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से अपना काम कर रहा है। कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है, जिस कारण पार्टी के सीनियर नेता भी अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं। प्रदेश में मलेरिया और डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ने के सवाल पर आरती राव ने कहा कि मौसमजनित रोग हर साल मानसून के बाद बढ़ जाते हैं। स्वास्थ्य विभाग की इस पर पूरी नजर है। इन बीमारियों से निपटने के लिए व्यापक स्तर पर इंतजाम किए गए हैं। अधिकारियों को सैंपलिंग बढ़ाने और फोगिंग कराने के निर्देश दिए जा चुके हैं। सभी सरकारी अस्पतालों में दवाओं का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध कराया गया है। बीमारियों से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तैयार है। इससे पूर्व अधिकारियों के साथ बैठक में आरती राव ने कहा कि वह विकासकार्यों को इस तरह से तेज गति से पूरा कराएं कि जिले में सरकार की विकासात्मक नीति साफ तौर पर नजर आए। आने वाले समय में यह जिला विकासात्मक स्वरूप के साथ नजर आए। योजनाबद्ध तरीके से कार्य होने सुनिश्चित किए जाएं।

*▶▶ अधिकारियों को सैंपलिंग बढ़ाने और फोगिंग कराने के निर्देश दिए जा चुके हैं। सभी सरकारी अस्पतालों में दवाओं का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध करवाया गया*



रेवाड़ी। सचिवालय सभागार में अधिकारियों की बैठक लेती आरती राव। फोटो : हरिभूमि

### मॉनिटरिंग करने के निर्देश

उन्होंने बैठक में शहर की सफाई और कचरा प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा करते हुए शहरी निकाय विभाग के अधिकारियों को शहरी स्वच्छता अभियान में अपनी भूमिका को प्रभावी रूप से निभाने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को शहर में सफाई व्यवस्था की निरंतर मॉनिटरिंग करने के लिए भी कहा गया।



रेवाड़ी। सचिवालय में आयोजित बैठक में मौजूद अधिकारी।

### सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखें

स्वास्थ्य मंत्री ने विकास कार्यों को लेकर तैयार एजेंडे में शामिल सड़कों के सुधारीकरण पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बरसात का मौसम अब खत्म हो गया है, ऐसे में अब जिला की सभी सड़कों की मरम्मत की जाए व नई सड़कों का निर्माण कार्य भी यथाशीघ्र शुरू करवाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सड़क निर्माण कार्यों में प्रयोग होने वाली निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने के आदेश दिए। उन्होंने शहर की नई आबादी में जलभराव की समस्या के उचित समाधान बारे जानकारी ली। जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नई आबादी क्षेत्र में विभाग द्वारा पंप सेट इंस्टॉल किए गए हैं और अब जलभराव की समस्या नहीं आएगी। उन्होंने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को रेजांगला पार्क क्षेत्र से अतिक्रमण हटवाने के आदेश दिए।

### पीपीपी को लेकर गंभीरता दिखाएं अधिकारी

स्वास्थ्य मंत्री ने परिवार पहचान पत्र के संबंध में अधिकारियों को सही से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। जिस पर संबंधित अधिकारी ने बताया कि पीपीपी के लिए प्रशासन की ओर से विशेष कैंप लगाकर लोगों की शिकायतों व समस्याओं का समाधान तत्परता से किया जा रहा है। उक्त कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग भी की जा रही है। सरकार की जनकल्याणकारी सेवाओं को तय समय सीमा में देना सुनिश्चित करें। बैठक में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, बावल विधायक डा. कृष्ण कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली, नगर परिषद चेयरपर्सन पूनम यादव, जिला परिषद चेयरमैन मनोज यादव, डीसी अभिषेक मीणा, एडीसी राहुल मोदी, प्रशिक्षु आईएएस रूहानी, जिला नगर आयुक्त ब्रह्म प्रकाश, एसडीएम रेवाड़ी सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।



रेवाड़ी। प्रतियोगिता के विजेता शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

## गांव गुड़ियानी में सन 1865 में हुआ था जन्म

# बीकानेर स्कूल में बाबू बालमुकुंद गुप्त स्मृति समारोह आयोजित

**साहित्य प्रेम की अलख जगाने वाले बालमुकुंद हिंदी को उसका सम्मानित स्थान दिलाने को प्रयासरत रहे**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी**

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर में बाबू बालमुकुंद गुप्त स्मृति समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रभारी अध्यापक मुकेश कुमार ने बताया कि हिंदी पत्रकारिता के मसीहा बाबू बालमुकुंद गुप्त का जन्म रेवाड़ी जिले के गांव गुड़ियानी में सन 1865 में हुआ। साहित्य प्रेम की अलख जगाने वाले बालमुकुंद गुप्त हिंदी भाषा को उसका सम्मानित स्थान दिलाने के लिए प्रयासरत रहे।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीयता के अग्रदूत ने अंग्रेजी शासनकाल में लेखनी के माध्यम से न केवल आजादी और नवजागरण के अलख जगाई अपितु पत्रकारिता व लेखन के क्षेत्र प्रासंगिक कार्य किया। उन्होंने अपना पूरा जीवन राष्ट्रीयता, पत्रकारिता, लेखन व नवजागरण के मूल्यों की स्थापना तथा राष्ट्रभाषा की सच्ची सेवा में लगा दिया। इस अवसर पर हिंदी अध्यापिका मंजूलता के नेतृत्व में विद्यालय स्तर पर भाषण, निबंध लेखन तथा पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

### निबंध लेखन प्रतियोगिता में विनीता रही प्रथम

निबंध लेखन प्रतियोगिता में विनीता ने प्रथम, भूमिका ने द्वितीय तथा माही ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में ईशा प्रथम, साक्षी द्वितीय तथा अंजली तृतीय स्थान पर रही। पेंटिंग प्रतियोगिता में नताशा प्रथम, संजना द्वितीय तथा विनय व नेहा तृतीय स्थान पर रहे। अध्यापक रविंद्र कुमार सैनी, हरिता शमा व प्रिया देवी ने विजेताओं का उत्साहवर्धन किया।

## एक माह तक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे

# जिले में आज से 16 अक्टूबर तक मनाया जाएगा राष्ट्रीय पोषण माह

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी**

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से देश में 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार, बचपन की देखभाल-शिक्षा और स्थानीय पौष्टिक खाद्य संसाधनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 8वां राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। पोषण माह के तहत आमजन को जागरूक करने के लिए एक माह तक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव ने बताया कि रेवाड़ी में जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ खंड खोल के गांव राजपुरा इस्तमुरार में एडीसी राहुल मोदी करेंगें। राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत स्वस्थ नारी स्वस्थ परिवार के तहत छह थीम पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें महिलाओं और बच्चों को शामिल किया जाएगा। जिला में पोषण माह के आयोजन का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, किशोरियों व छह वर्ष तक के बच्चों में पोषण स्तर में सुधार लाना है। इसके तहत मोटापे का समाधान - चीनी, नमक और तेल का सेवन कम करना, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा व पोषण भी पढ़ाई भी, एक पेड़ मां के नाम व शिशु एवं छोटे बच्चों के आहार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### स्वास्थ्य परीक्षण होगा



शालू यादव ने बताया कि पोषण माह के दौरान छह वर्ष तक के बच्चों का ऊंचाई, वजन और स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। माताओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया जाएगा। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम के तहत जिलेभर में पेड़ लगाए जाएंगे। प्रत्येक गांव में जल-संरक्षण और जागरूकता रैली भी आयोजित की जाएगी। सभी स्कूलों में बच्चों और किशोरियों को सही पोषण के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## प्रतियोगिता का आयोजन अक्टूबर में होगा

# भारत कौशल प्रतियोगिता के लिए 30 तक होंगे रजिस्ट्रेशन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी**

कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की ओर से भारत कौशल प्रतियोगिता का आयोजन अक्टूबर में कराया जाना है, जिसमें औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान या अन्य किसी भी तकनीकी संस्थान के वे छात्र, जिनकी न्यूनतम आयु 16 वर्ष या जन्म 1 जनवरी 2004 के बाद का हो, भाग ले सकते हैं। डीसी ने बताया कि यह प्रतियोगिता जिला, राज्य, राष्ट्रीय और विश्व स्तर पर आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में



विभिन्न कौशल-ट्रेडों में डिजिटल निर्माण, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सुरक्षा सहित अन्य स्किल्स में प्रतिस्पर्धा होगी। इसके लिए प्रतिभागी 30 सितंबर तकस्किलइंडियाडिजिटल.जीओवी. इन पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। जिला व राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों के पास हरियाणा राज्य का परिवार पहचान पत्र होना अनिवार्य है।

## लोगों को इलाज के लिए रेवाड़ी व गुरुग्राम जाना पड़ रहा

# धारूहेड़ा में दो सौ बेड का अस्पताल बनाने की मांग, स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**धारूहेड़ा।** नगरपालिका के चेयरमैन कंवर सिंह ने मंगलवार को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती राव को धारूहेड़ा में 200 बेड का अस्पताल बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा। इस अवसर पर बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार व भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली भी मौजूद थी। चेयरमैन कंवर सिंह ने कहा कि धारूहेड़ा कस्बा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 व 919 पर स्थित है। कस्बे में अंग्रेजों के समय से आज भी पीएचसी है, जबकि कस्बे की आबादी लगभग डेढ़ लाख के करीब हो चुकी है। अस्पताल न होने के कारण लोगों को इलाज के लिए रेवाड़ी व गुरुग्राम जाना पड़ता है। औद्योगिक क्षेत्र व दो राष्ट्रीय राजमार्ग पर होने के कारण कस्बे में अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती है।

■ कस्बे में अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती है



आरती राव को ज्ञापन देते हुए नपा चेयरमैन कंवर सिंह।

### जमीन का निरीक्षण किया जा था

धारूहेडा में हरियाणा सरकार की जमीन पड़ी हुई है, जोकि अस्पताल बनाने के लिए उपयुक्त है। जिले के तत्कालीन सीएमओ व वर्तमान में बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार ने इस जमीन का निरीक्षण अस्पताल के लिए किया था। इसके बाद डा. सुरेन्द्र यादव वर्तमान में पीएमओ व पूर्व सीएमओ ने महानिदेशक स्वास्थ्य विभाग हरियाणा को पत्र भी लिखा हुआ है।

### रीजनल सेंटर में वर्कशॉप का आयोजन

**कोसली।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर गांव स्थित रीजनल सेंटर में आईपीआर सेल की कार्डिनेटर पूजा व नीलम यादव के मार्गदर्शन में इंटेलेक्चुअल प्रापर्टी राइट्स यानि आईपीआर, पेटेंट्स और डिजाइन फिलिंग विषय पर ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में राजीव गांधी नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंटेलेक्चुअल प्रापर्टी मैनेजमेंट, नागपुर से डा. भरत एन सूर्यवंशी असिस्टेंट कंट्रोलर पेटेंटस एंड डिजाइन्स ने छात्राओं को रिसर्च का पेटेंट और डिजाइन का कापी राइट लेने के अधिकार व वस्तु का ट्रेडमार्क, डिजाइन व लोगो प्राप्त करने की प्रकिया की जानकारी दी। इस अवसर पर डा. अनिल कुमार, डा. प्रवेश भारद्वाज, डा. अंजलि, डा. रीनू यादव, सुनिता यादव, डा. सोनिया, सनिता, मधु बाला व अंजू शर्मा उपस्थित रही।

## साहित्य परिषद् के भाषा उत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



रेवाड़ी। अखिल भारतीय साहित्य परिषद् की ओर से हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत भाषा उत्सव का आयोजन किया गया। भाषा, संस्कृति व संकल्प के विभिन्न आयामों को आत्मसात करते हुए बच्चों ने साहित्य की विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। परिषद् महामंत्री गोपाल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन सरकुलर रोड़ स्थित विश्वकर्मा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में किया गया। लेखक व कवि बाबू बालमुकुंद गुप्त को समर्पित कार्यक्रम में 15 विद्यार्थियों ने प्रतिभा दिखाई। उन्होंने कविता, भाषण, नाटक व नृत्य के माध्यम से अपने विचार प्रकट किए। समारोह की अध्यक्षता परिषद् के प्रांतीय पदाधिकारी व वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. रमेश चन्द्र शर्मा ने की। कार्यक्रम में परिषद् संरक्षक आचार्य रामतीर्थ तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या व परिषद अध्यक्षा श्रुति शर्मा उपस्थित रही। प्रो.शर्मा ने विद्यार्थियों को हिंदी अपनाकर देश का गौरव बढाने के लिए प्रेरित किया।

## बस में भजन-कीर्तन का दौर चलता रहा

# संस्था ने आशियाना वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को करवाए बाबा खाटू श्याम के दर्शन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी**

बाबा फरीद सेवा ट्रस्ट की ओर से संचालित आशियाना वृद्धाश्रम के वरिष्ठ नागरिकों को राजस्थान के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल खाटू श्याम धाम की धार्मिक यात्रा के लिए ले जाया गया।

यात्रा का आयोजन ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश राजपाल और वरिष्ठ सदस्य आदर्श अरोड़ा के संयोजन में किया गया। वृद्धाश्रम के 50 वरिष्ठ नागरिकों और ट्रस्ट के सदस्यों ने एसी बस में खाटू श्याम की यात्रा की। यात्रा के दौरान बस में भजन-कीर्तन का दौर चलता रहा।

### ऐसी यात्राएं नागरिकों का बढ़ाती हैं मनोबल



बाबा फरीद सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राजपाल ने कहा आश्रम का उद्देश्य केवल वरिष्ठ नागरिकों को भोजन और आवास उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि उनके जीवन में आध्यात्मिक सुख और सामाजिक जुड़ाव भी लाना है। ऐसी यात्राएं नागरिकों का मनोबल बढ़ाती हैं और उन्हें एक नई ऊर्जा प्रदान करती हैं। आदर्श अरोड़ा ने कहा कि ट्रस्ट की ओर से भविष्य में भी ऐसे ही सामूहिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यात्रा में वृद्धजनों के अलावा राजू दुआ, अमित पोपली, रितेश गुलाटी, सीए जतिन सैनी, राजू सपड़ा, संदीप भाटिया, अशोक गांधी, रंजन, हर्ष व हैप्पी सहित ट्रस्ट के अनेक सदस्य शामिल थे।

हरिभूमि

आवश्यक सूचना

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

**प्रतियोगिता** राव तुलाराम स्टेडियम में तलवारबाजी व राज इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित होंगी खेल प्रतियोगिताएं

# राज्य स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आगाज, योगासन व तलवारबाजी के मुकाबले शुरू

**22 जिलों के हजारों खिलाड़ी प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाएंगे**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी**

शहर के कोनसीवास रोड स्थित राज इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को 58वीं राज्य स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। तीन दिवसीय राज्य स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में हरियाणा के सभी 22 जिलों के हजारों खिलाड़ी योगासन तथा तलवारबाजी के मुकाबलों में अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी सुभाषचंद्र यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता राज इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन राजेंद्र सैनी ने की। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि हरियाणा प्रदेश की खेल नीति की बदौलत, यहां की समृद्ध खेल संस्कृति निरन्तर निखर रही है। सच्ची खेल भावना ही एक अच्छे खिलाड़ी की प्राथमिक पहचान होती है। इस अवसर पर उन्होंने खेल भावना से ओतप्रोत एक मोटिवेशनल गीत सुनाकर खिलाड़ियों को भाव विभोर किया। उन्होंने तीन दिवसीय खेल महोत्सव के कुशल प्रबंधन, संयोजन व संचालन में जुटे प्रतिनिधियों की ओर से खिलाड़ियों के खेल मुकाबलों के अलावा ठहराव में पूरी प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया।



रेवाड़ी। खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ पर योग कला का प्रदर्शन करते खिलाड़ी व स्टेडियम में तलवारबाजी का मुकाबला करते खिलाड़ी व प्रतिभागी खिलाड़ी तथा प्रभारी खेल भावना की शपथ लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

### 1320 खिलाड़ी ले रहे प्रतियोगिताओं में भाग

एईओ भूपेंद्र यादव ने बताया कि तीन दिवसीय राज्य स्तरीय खेल महोत्सव में योगासन प्रतियोगिताओं में अंडर-14, अंडर-17 तथा अंडर-19 वर्ग में लड़के तथा लड़कियों दोनों वर्गों के मुकाबले होंगे, जबकि तलवारबाजी में लड़के तथा लड़कियों के केवल अंडर-17 वर्ग में प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिताओं में हरियाणा के सभी 22 जिलों से 660 लड़के, 660 लड़कियां तथा 176 प्रभारी अधिकारी भाग ले रहे हैं।